# उत्तर प्रदेश सहकारी संस्थागत सेवा-मण्डल

21/467, रिंग रोड, इन्दिरा नगर,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226016
Website: http://upcisb.upsdc.gov.in

दिनांक : 02 नवम्बर, 2026

## आवश्यक सूचना

उ0प्र0 सहकारी संस्थागत सेवा मण्डल लखनऊ द्वारा प्रकाशित **विज्ञापन संख्या : A-1 / S.R. / 2026, दिनांक 24.03.2026 सम्मिलित सहकारी बैंकिंग तथा तकनीकी सेवा परीक्षा (विशेष चयन) – 2026 (Combined Cooperative Banking And Technical Service Examination (Special Recruitment) 2026)** में सम्मिलित पद **सहायक / टंकक (श्रेणी-3), जिला सहकारी बैंक लिमिटेड (Assistant / Typist (Category-3), District Co-operative Bank Ltd)** की ऑनलाइन परीक्षा दिनांक 08.09.2026 को आयोजित की गयी थी।

उ0 प्र0 सहकारी संस्थागत सेवा मण्डल, लखनऊ की आवश्यक सूचना संख्या : 682 / मण्डल / परीक्षा / A-1 / S.R. / 2026 दिनांक 30, अक्टूबर, 2026 द्वारा विज्ञापन संख्या : A-1 / S.R. / 2026 सम्मिलित सहकारी बैंकिंग तथा तकनीकी सेवा परीक्षा (विशेष चयन) – 2026 के अन्तर्गत जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के नियन्त्रणाधीन सहायक / टंकक (श्रेणी - 3) के 2 पद के सापेक्ष अगले चरण टंकण परीक्षा (Type Test) हेतु सफल 10 अभ्यर्थियों के परीक्षा परिणाम जारी किये गये है।

प्रश्नगत टंकण परीक्षा (Type Test) हेतु अर्ह समस्त अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उनकी टंकण परीक्षा (Type Test) दिनांक 17, नवम्बर, 2026 (मंगलवार) को जनपद - लखनऊ में आयोजित की जायेगी। हिन्दी टंकण परीक्षा (Type Test) मंगल फॉण्ट इंस्क्रिप्ट (Mangal Font Inscript) तथा क्रुतिदेव - 010 फॉण्ट (Kruti Dev - 010 Font) पर करायी जायेगी। हिन्दी टंकण परीक्षा हेतु इसके अतिरिक्त अन्य कोई फॉण्ट स्वीकार्य नहीं है।

उक्त टंकण परीक्षा के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा-निर्देश टंकण परीक्षा हेतु निर्धारित तिथि से दो (2) दिवस पूर्व प्रवेश-पत्र के साथ निर्गत किये जायेंगें, जिसके सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को वेबसाइट के माध्यम से पृथक से यथा समय सूचित किया जायेगा।

सचिव